# प्रभात वार्ता

Declaration No. 191, dt. 14/09/2011 मूल्य 3 रुपए तरक्की का हमसफर

कोलकाता, रविवार, 22 जनवरी 2012, माघ कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, विक्रम संवत 2068 वर्ष 1

प्रियंवदा बिरला अरविंद आई हॉस्पिटल में लासिक सुविधा की शुरुआत करते एच.वी.लोढा और डॉ. एम. श्रीनिवासन। ● प्रभात वार्ता

## प्रियंवदा बिरला आई हॉस्पिटल में शुरू हुई लासिक सर्जरी

P:3

कोलकाता (का.सं.)। महानगर के लोगों को अब आँखों की समस्या के लिए अन्य राज्यों की ओर रुख नहीं करना होगा। प्रियंवदा बिरला अरविंद आई हॉस्पिटल में शनिवार को लासिक सर्जरी पद्धति केन्द्र का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण, अरविंद आई हॉस्पिटल, मदुरै के प्रमुख, डॉ. एम श्रीनिवासन ने किया। इस मौके पर एमपी बिरला ग्रुप के चेयरमैन एचवी लोढा ने बताया कि वर्ष 2000 से यह हॉस्पिटल लोगों की सेवा से जुड़ा हुआ है। इन 10 वर्षों में अस्पताल में पाँच लाख से भी अधिक लोगों ने यहाँ अपनी आँखों का इलाज कराया है और यहाँ 66 हजार से अधिक आँखों की सफल सर्जरी हुई है। अब इस अस्पताल में लेजर-एसिस्टेड इन सिटु केराटोमाईल्यूसिस (लैसिक) सर्जरी की भी सुविधा होगी। जर्मन तकनीक से बनी लैसिक मशीन को यहाँ लाया गया है, जो आँखों में स्थित कॉर्निया की गतिविधियों को प्रति सेकेंड 500 गुना अधिक रफ्तार से कैप्चर कर सकेगा। लैसिक सर्जरी के संबंध में डॉ. एम श्रीनिवासन ने बताया कि लैसिक सर्जरी से आँखों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता है, यह एक प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी है, जिससे आँखों की रोशनी बढ़ जाती है। इस मौके पर डॉ एस अरविंद, डॉ आर रेवती, डॉ अरुंधति बोरठाकुर सहित महानगर के विशिष्ट ऑफ्थैल्मॉलोजिस्ट उपस्थित थे।